आईआईएम उपलब्धियों का जश्न मना रहा है: निदेशक

रांची। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर संस्थान की उपलबधियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि आईआईएम रांची उपलब्धियों, विकास और नवाचार से भरे वर्ष का जश्न मना रहा है।

यह प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करने, समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। बताया कि वर्ष की प्रमुख विशेषताओं में से एक एक रणनीतिक योजना आईआईएम रांची@2030 का मसौदा तैयार करना था। इस का उद्देश्य प्रयासों में स्पष्टता, उद्देश्य और दिशा लाना है।

शिक्षा की उभरती मांगों और आधुनिक चुनौतियों की बहु विषयक प्रकृति को पहचानते हुए, संस्थान ने लिबरल आर्ट्स एंड साइंस अकादमिक क्षेत्र की शुरुआत की है।

Hindustan, 18.08.2023, Pg.6